हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 22 जुलाई 2024 समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किया जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार के इस कार्यकाल के पांच वर्ष की दिशा तय करेगा और यह 2047 के विकसित भारत अभियान के सपने की नींव बनेगा।बजट सत्र से पहले संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खड़ा होना चाहिए। श्री मोदी ने कथित रूप से नकारात्मक राजनीति करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद के समय का इस्तेमाल किया।पिछले सत्र में संसद सत्र को बाधित करने का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दल ने संसद में सत्ता पक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इसकी कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता को दी गई गारंटी को लागू करने की दिशा में काम कर ही है।श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र देश की लोकतांत्रिक यात्रा का महत्वपूर्ण गन्तव्य बनेगा। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से दलगत राजनीतिक से ऊपर उठने और अगले साढे चार वर्ष के लिए अपने आप को देश के लिए समर्पित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनवरी 2029 के चुनावी वर्ष में दल,

राजनीति कर सकते हैं लेकिन तब तक उन्होंने सभी को देश, युवा और किसानों के सशक्तीकरण में शामिल होने का आग्रह किया।

....

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि नीट-यूजी पेपर लीक का देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि CBI मामले की जांच कर रही है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों का खण्डन किया कि देश में पेपर लीक की घटनाएं बार बार सामने आई हैं। श्री प्रधान ने सदन को बताया कि नीट-यूजी परीक्षा के लिए बनाए गये 4700 परीक्षा केन्द्रों में से केवल एक स्थान पर विसंगतियां और भ्रष्टाचार के मामलों का पता चला।इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने इस मुद्दे पर श्री प्रधान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में लाखों विद्यार्थी परीक्षाओं और अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, RSP के श्री एन के प्रेमचन्द्रन सहित कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने भी आज सदन में पेपर लीक का मामला उठाया।

....

आज सावन महीने के पहले सोमवार हरियाणा के विभिन्न जिलों में शिव मंदिरो में श्रदालुओ द्वारा विशेष पूजा अर्चना किये जाने के समाचार मिले हैं ।कुरुक्षेत्र के प्राचीन सथानेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 5 बजे से श्रदालुओ द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है ।पलवल के पंचवटी मंदिर और छोटी कशी भिवानी के जोगीवाला शिव मंदिर धाम

,हनुमान ढाणी स्थित शिवालय और बाबा जहर गिरी आश्रम में भी भगत शिवलिंग का जलाभिषेक कर रहें हैं जींद और पानीपत से भी श्रदालुओ द्वारा पूजा अर्चना और शिवलिंग का जलाभिषेक किये जाने के समाचार मिले है।

....

हरियाणा सरकार ने आज ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को देखते हुए नूह जिले में आज शाम छह बजे तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है। नूह के पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सुरक्षा उपाय के तौर इंटरनेट सेवा रोकी गई है। जिले में मार्ग बदले जाने से संबंधित परामर्श जारी कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई बल, हरियाणा पुलिस और होम गार्ड के जवानों की बडी संख्या में तैनाती की गई है और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है।

****

****

रमणीक सिंह मान रोइंग एसोसिएशन के प्रधान चुने गये हैं । कल हुए चुनाव में रमणीक सिंह मान सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। कमला चीमा को महासचिव, रवि को उप प्रधान, कुलविंदर सिंह चीमा को वित्त सचिव अतुल कुमार को संयुक्त सचिव , सुभाष को सचिव और साब सिंह को मुख्य संरक्षक चुना गया है । चुनाव पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।प्रधान चुने जाने पर श्री मान ने कहा कि पिछले प्रधान ज्ञान चंद गुप्ता ने रोइंग एसोसिएशन को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने आभार प्रकट किया। साथ ही हरियाणा में रोइंग के प्रति योगदान के लिए गुरजिंदर चीमा का भी धन्यवाद किया । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में

हरियाणा की तरफ से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए भी तैयार किए जायेंगे। उन्होंने कह कि वह रोइंग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे उल्लेखनीय है कि पिछले दस वर्षों से विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता रोइंग एसोसिएशन के प्रधान चले आ रहे थे।